## खबर संक्षेप

### आबकारी अमले ने 26 हजार की अवैध शराब जब्त की

**कटनी।** जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के प्रचलन पर रोक लगाए जाने हेतु छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 02 के अंतर्गत पुरैनी, खडौला, पहरूआ, टिकरवारा, एवं चक्की घाट में अवैध देशी मदिरा एवं हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। छापामार कार्यवाही में आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 02 में कुल 05 अपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं। छापामार कार्यवाही में कुल 131 पाव देशी प्लेन मदिरा, 152 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 02 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर जप्त किया गया है। जप्त सामग्रियों की अनुमानित कीमत लगभग 26,237/- रुपए है। छापामार कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उइके, महेन्द्र कुमार शुक्ला, अतुल कुटार एवं आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, सीपी त्रिपाठी तथा होम गार्ड सैनिक ज्ञानेन्द्र सिंह, उमेश मिश्रा, सचिन दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विविध गतिविधियों से पानी बचाने दिया संदेश

**उमरियापान।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में संचालित समाजकार्य पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया।पानी के संरक्षण और संवर्धन को लेकर नारे लिखी तख्तियां लेकर छात्र छात्राओं ने नारेबाजी कर पानी बचाने का संदेश दिया।ये छात्र अब गांवों में भी पानी बचाने के लिए जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करेंगे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य बताते हुए छात्र छात्राओं को प्रायोगिक ग्राम में जल संरक्षण को लेकर नारे लेखन, जलाशयों की साफ सफाई, रैली सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम करें,ताकि पानी का संरक्षण कर पानी के दुरुपयोग को रोका जा सके।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 17 को

**कटनी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला पंचायत की पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव पर कार्यवाही पालन प्रतिवेदन संबंधित विभागों के एजेण्डा के साथ चर्चा व समीक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आर ई इस, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, 15वा वित्त योजनांतर्गत कार्यों का अनुमोदन सहित चर्चा व समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सामान्य सभा के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### नरवाई जलाने पर एक और एफआईआर दर्ज

**कटनी।** फसल अवशेष नरवाई जलाने के मामले में बहोरीबंद पुलिस थाना में एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसको मिलाकर जिले में अब तक 15 व्यक्तियों के विरुद्ध 12 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। ग्राम किरहाई पिपरिया पटवारी हल्का नंबर 49 की पटवारी ज्योत्सना उइके ने प्रतिवेदन और पंचनामा देकर ग्राम किरहाई पिपरिया निवासी रामकृपाल पिता रामबहोर कोल द्वारा नरवाई में आग लगाने का आवेदन बहोरीबंद पुलिस थाना में दिया। जिसमें कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन का जिक्र करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया गया।

---

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के साउथ स्टेशन के पास मिली लाश के मामले का खुलासा

# नशे की मदहोशी में दोस्तों को अपना दबदबा दिखाने के लिए कुल्हाड़ी से दोस्त को ही उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत साउथ स्टेशन के पास एक युवक की खूनी से सनी लाश मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अन्य अभी फरार हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में रंगनाथनगर पुलिस को अंधे हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हाथ लगी है। रंगनाथनगर पुलिस ने मात्र 48 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा किया है।

एसपी ने बताया कि 11 अप्रैल को सुबह साउथ स्टेशन के पास लाश मिलने की सूचना मिली। सूचना पर थाना रंगनाथनगर की पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची एवं जांच पड़ताल शुरू किया। मृतक की शिनाख्त अज्जू उर्फ अजय भूमिया निवासी नया गांव लखेरा के रूप में हुई। लाश देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी धारदार भारी चीज से गले एवं गाल में के कई बार चोट पहुंचाकर हत्या की गई है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव द्वारा अपनी टीम के साथ संदेहीयों से पूछताछ करना प्रारंभ किया गया जो संदेही बांके उर्फ तुषार रजक से पूछताछ की गई। जिसने पूछताछ पर बताया की मृतक अज्जू उर्फ अजय भुमिया इसका दोस्त था जो साथ में नशा करते थे घटना 11 अप्रैल की रात्रि को संदेही द्वारा बढ़ती साउथ स्टेशन के पास मैदान में अपने दोस्तों के साथ नशा कर रहा था तो नशे की हालत में अपने दोस्तों पर अपनी रंगदारी दिखाने के उद्देश्य से मृतक अजय भुमिया को अपने साथ घटना स्थल पर लाया एवं अपने दोस्तो के सामने ही कुल्हाड़ी से पुष्पा मूवी की तर्ज में एक एक करके करीबन 15-20 बार मृतक के शरीर में वार करते हुये हत्या कारित किया है इसके बाद यह अपने दोस्त टाईगर उर्फ जतिन वर्मन उर्फ शरद के साथ उस कुल्हाडी में लगा खून पोंछकर कुल्हाड़ी को अपने घर के पीछे की दीवार के बगल में बीप के तीचे छिपाकर रखा दिया इसके बाद यह अपने दोस्त बल्ली सांई उर्फ बलबीर माह के घर जाकर घटना के समय पहने कपडे जिसमे मृतक के खून के दाग लगे थे बल्ली सांई को दे दिया था जिसे बल्ली सांई ने ठिकाने लगाया।

उक्त आरोपी तुषार रजक उर्फ निखिल उर्फ बांके को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर आरोपी की निशादेही पर घटना स्थल करना रिक्रिएशन करते हुये आरोपी के बतानें अनुसार घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने तुषार उर्फ निखिल रजक पिता अड्डेलाल 23 साल निवासी नयागांव चर्च के पीछे थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी एवं शरद बर्मन उर्फ जतिन उर्फ टाईगर पिता मनोज बर्मन 22 साल निवासी नयागांव चर्च के पीछे थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया है। जबकि बल्ली सांई उर्फ बलबीर शाह आरोपी फरार है।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

घटना मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरी. नवीन नामदेव थाना प्रभारी रंगनाथनगर, उप निरी. राजेश दुबे, सउनि विनोद चौधरी, प्र. आर. गोविन्द प्रसाद, प्र.आर. अजय तिवारी, प्र.आर. सतीश तिवारी, प्र. आर. अर्जुन तिवारी, प्र.आर. रामपाल बागरी, प्र.आर. उमारमन बागरी, आर. शुभम सिंह, आर. प्रभाकर सिंह, आर, अमित सिंह, आर. पंजाब सिंह, आर, अंकित पटेल, आर. वीरेन्द्र दहायत म.आर. आरती, रूचिका, रमजान की सराहनीय भूमिका रही।

---

# पेयजल समस्या के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

**पेयजल समस्या की सतत निगरीन के लिए की गई पहल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल संकट और जलजनित बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों के खराब होने और भू-जल स्तर में गिरावट से हुई पेयजल की समस्या के सतत निगरानी हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07622-225752 है। जिला स्तरीय प्रकोष्ठ प्रभारी एस.एन.पाल अनुरेखक प्रकोष्ठ प्रभारी, सुनीता द्विवेदी रजिस्टर प्रभारी, , विवेक कुमार सिंह रजिस्टर प्रभारी, एवं विनय त्रिपाठी रजिस्टर प्रभारी को बनाया गया है।

ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या ना हो और खराब होने वाले हैण्डपम्प व नलजल योजनाओं का सुधार कार्य कर पानी की समस्या को दूर किये जाने के लिये विभाग द्वारा खण्ड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यदि पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो उपखण्ड कटनी के विकासखण्ड कटनी, साकेत सुहाने, सहायक उपयंत्री साथ ही मधु भलावी उप यंत्री कटनी, अमर सिंह गहरवार उपयंत्री रीठी, राजेन्द्र कुमार खरे हैण्डपम्प तकनीशियन कटनी, प्रिया कोरी विकासखण्ड समन्वयक कटनी, लक्ष्मण बुनकर विकासखण्ड समन्वयक रीठी से सम्पर्क कर निराकरण कराया जा सकता है। जबकि उपखण्ड विजयराघवगढ़ में विकासखण्ड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ में दिनेश कुमार इनवाती प्रभारी सहायक यंत्री, अजय कुमार शर्मा, उपयंत्री बड़वारा, बृजेश निगम दैनिक वेतनभोगी विजयराघवगढ़ से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

उपखण्ड स्लीमनाबाद के विकासखण्ड बहोरीबंद में विकल्प पटेल, सहायक उपयंत्री, अनिल चुमलके उपयंत्री बहोरीबंद, विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में शेखर सेन, उपयंत्री, सत्यप्रकाश हल्दकार विकासखण्ड समन्वयक ढीमरखेड़ा, रजनीश कोरी हैण्डपम्प मेकैनिक बहोरीबंद पर संपर्क कर शिकायत का निराकरण कराया जा सकता है एवं जिले की शिकायत हेतु कार्यपालन यंत्री खण्ड कटनी एवं जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम 07622-225752 में सम्पर्क किया जा सकता है।

---

*जल संरक्षण के लिए रैली, चौपाल से किया जा रहा है प्रेरित*

# नदी, कुंओं, तालाबों एवं बावड़ियों के पुनर्जीवन के लिए किये जा रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री की मंशानुसार और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन - अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में - नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाना है इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद में म.प्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत संचालित समाज कार्य में स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यनरत सभी छात्रों को अभियान के अंतर्गत ब्लाक समन्वयक अरविन्द शाह द्वारा बताया गया कि जल स्त्रोतो के संवर्धन हेतु जन सहभागिता से कार्य किये जाने हेतू जिसमें कुआं, तालाब, नदी आदि जल स्त्रोत की साफ सफाई गहरी करण श्रमदान द्वारा करना है। पानी को रोकने एवं सहेजने हेतु ग्रामीण को प्रेरित करना है साथ ही सभी छात्र अपने प्रयोग शाला ग्राम में दिवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया गया साथ ही छात्रों द्वारा रैली एवं नारे द्वारा 'दादा दादी करें गुहार, पानी बचाओ बारंबार द्वारा ग्रामीण को जागरूक किया गया।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास एवं सतत विकास कार्यक्रम के छात्र,छात्राओं द्वारा रीठी विकासखंड के समस्त ग्राम जो कि प्रयोगशाला ग्राम के रूप में चिन्हित किये गए हैं, सभी छात्र दीवार लेखन, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक परिसर पर लोगों को जागरूक करते हुए जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाकर जल दूत की अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। जल के सदुपयोग व जल स्त्रोतों को बचाने नदी, तालाब, नाले व नलकूपों के आसपास साफ सफाई करते हुए ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। आज की कक्षा में सभी ने माय भारत एप पर जलदूत का पंजीयन कर प्रमाण डाऊनलोड किया गया एवं छात्र, छात्राओं ने असाइनमेंट अपलोड कराये गये। वैकल्पिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पुस्तकों का वितरण किया गया।

---

## सतगुरू बाबा जैरामदास साहिब का मनाया जन्मोत्सव



सतगुरु बाबा जैरामदास साहिब का 130वां जन्मोत्सव रविवार को भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का भोग साहिब का आयोजनहुआ , जिसमे कटनी की प्रसिद्ध मंडली ( बालक मंडली ) के गोवर्धन, दिलीप उदासी जी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक लंगर ( भंडारा ) का आयोजन हुआ इस भंडारे मैं बड़ी संख्या मैं भाइयों एवं मतायों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ,मोहन बत्रा,पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंदूलाल जादवानी बाबा जयरामदास दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष त्रिलोकचंद भोजवानी ,सचिव इन्द्रलाल रावलानी ,उपाध्यक्ष रुपेश ख़ूबचंदानी, राजकुमार नानकानी, सुरेश नागवानी, कमल नागवानी,मोहन रोहरापार्षद, बिट्टू अहमद आदि की उपस्थिति रही।

---

# जिले में आज से होगा ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन, दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सोमवार 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने संबंधित विभागों , जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को ग्राम सभाओं में संपादित की जाने वाली चिन्हित गतिविधियों पर ग्रामीणों से चर्चा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर ग्राम सभाओं का व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित कराने नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई हैं।मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत अलग-अलग ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नही किये जाने हेतु जागरूकता, बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजना पर चर्चा,की जायेगी।

### होगी योजनाओं पर चर्चा

साथ ही स्कूलों और ऑगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा होगी।

इसके अलावा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित,पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

---

*जिले में चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान*

# जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए हो रहे अनेक कार्य, किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही कटनी जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरंम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

## मंदिरों में हुआ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण पाठ

# उमरियापान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने रामभक्त हनुमान दरबार में मत्था टेका। भक्तों ने संकट मोचन का विधिवत पूजन अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया। हनुमान मंदिरों में हनुमत प्रभु की मनमोहक झांकी सजाई गई।इस अवसर पर रामभक्त के जयकारे से मंदिरों का माहौल भक्तिमय हो गया। देरशाम धूमधाम से भगवान की शोभायात्रा भी निकाली गई। सिद्धपीठ निकुंज धाम तिघरा में हनुमान महाराज का पूजन किया। बैंडबाजों के साथ गांव में भगवान की शोभायात्रा निकाली गई।बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।मंदिर में भगवान की आरती की गई है।प्रसाद का वितरण किया।

उमरियापान के झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण और हवन-पूजन का आयोजन किया गया। देरशाम भगवान की आरती की गई। बड़ी माई मंदिर और कुदवारी मोहल्ला के राम मंदिर में भगवान के पूजन के बाद भण्डारे का आयोजन हुआ।ब्यौहार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण के बाद हवन-पूजन में भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कन्या भोज के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया। टोला रोड स्थित बावली के हनुमान मंदिर और कटरा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।बिजली आफिस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजन और प्रसाद वितरण हुआ।मचखण्डा मोहल्ला स्तिथ पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी सुन्दरकाण्ड पाठ और भण्डारे का आयोजन हुआ। भरभरा आश्रम और हरदी कुटी में भी भगवान का विशेष पूजन हुआ।प्रसाद का वितरण किया गया।बम्हनी के महावीर स्थित हनुमान मंदिर में भी रामभक्त पूजन के बाद भण्डारे का आयोजन हुआ।पचपेढ़ी के हनुमान मंदिर में भी पूजन अर्चन आरती के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। सिलौंडी के श्रीबालाजी मंदिर,बड़े हनुमान मंदिर और छोटे हनुमान मंदिर में सुबह सुंदरकांड और फिर आरती के हुई। भण्डारे का प्रसाद पाने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देरशाम महाआरती की गई।इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में जगह जगह सुबह से देर शाम तक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा व भजन कीर्तन चलता रहा। हनुमान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाकर हनुमान जी की मूर्तियों का श्रृंगार किया गया। रामभक्त को चोला चढ़ाया गया। देर रात तक महाआरती चलती रही। जहा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

---

# बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा और उमरियापान क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से लोग परेशान है। दिन में के अलावा रात को भी अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।उमरियापान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली की ज्यादा समस्या हो रही है। कोई दिन या रात ऐसा नहीं बीत रहा जिस दिन ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। बिजली कब आएगी और कब जाएगी, यह बताने वाला भी कोई नहीं है। सुबह- दोपहर और शाम के अलावा रात को भी बिजली की आवाजाही लगी रहती है। बिजली कटौती से प्रतिष्ठानों,लघु व्यवसाय, वेल्डिंग दुकानदार व सरकारी कार्यालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत तो धनवाही फीडर में हैं। यहाँ दिन के अलावा रात के समय में भी बिजली बंद रहती है। गर्मी के इन दिनों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों को परेशान होना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में बिना रोस्टर के बिजली आपूर्ति की जा रही है। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से ग्रामीणों को पेयजल समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। रात के समय में बिजली कटौती की वजह से चोर-उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है।सड़कों और बाजारों में अंधेरा पाकर बदमाशों ने दुकानों की चोरी कर रहे हैं। उमरियापान में आधा दर्जन से अधिक दुकानों में बदमाशों ने ताला तोड़ा और दुकानों में रखी सामाग्री लेकर भाग निकले।

**खबर संक्षेप**



### यात्री पर चाकू से हमला कर लूटे रूपए और मोबाइल

**कटनी।** रेलवे स्टेशनों के आसपास अपराधिक गतिविधियां कम होने का नाम नही ले रही है। गत दिवस एक यात्री पर चाकू से कई बार करते हुए उसका बैग व रुपए बदमाशों ने लूट लिये। पुलिस द्वारा ठोस पहल नहीं करने की वजह से अपराधी बेखौफ होकर अपने मंसूबों को अंजाम देने में लगे रहते हैं। जानकारी के अनुसार बालेंद्र सोनी पिता सुरेश सोनी 23 निवासी कमानिया गेट के समीप बरही मजदूरी करने के लिए पुणे जा रहा था। ट्रेन पकड़ने के लिए कटनी जंक्शन पहुंचा था। वह सर्कुलेटिंग एरिया में रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच ट्रेन का इंतजार कर रहा था, तभी बदमाशों ने पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित युवक ने बताया कि दो युवक पहुंचे और कहने लगे की तू रात में यहां क्यों रुका है। गाली-गलौज करते हुए बैग व जेब चेक करने लगे। विरोध किया तो मारपीट करने लगे। इस बीच एक युवक ने चाकू निकालकर कई वार कर दिया। चाकू के हमले में युवक को हाथ, पीठ व कंधे में चोट आई है। बालेंद्र ने बताया कि बदमाशों ने उसके साथ बेदम पिटाई की है। जब वह अचेत हो गया और हमले में घबरा गया तो बदमाश उसका बैग लेकर भाग गए। जिसमें कपड़े, दस्तावेज व अन्य सामग्री थी। इसके अलावा जेब से लगभग 10 से 12 हजार रुपए व मोबाइल लूटकर ले गए हैं।

### बीआर अंबेडकर जयंती पर आज निकलेगी रैली

**कटनी।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह आज 14 अप्रैल को अजाक्स संघ कटनी व अन्य सामाजिक संगठन अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ट्रेड यूनियन कटनी गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति ओबीसी महासभा भीम आर्मी जयस जी एसयू भीम युवा शक्ति संगठन कोल ट्राइब फाउंडेशन कोयतुर गोंड महासभा पारंपरिक रूडी प्रथा ग्राम सभा डॉ, बी आर अंबेडकर सेवा मंडल व अन्य संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में रैली सुबह 11:00 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी से सुभाष चौक मिशन चौक से होते हुए जीवन ज्योति अस्पताल के पीछे हाउसिंग बोर्ड में सभा के रूप में आयोजित होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद कुंडे सेवानिवृत्ति रेलवे व अरविंद सिंह धुर्वे जिला अध्यक्ष अजाक्स संघ कार्यक्रम की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील समस्त संगठनों के पदाधिकारी गण ए.के. कोरी अनुज दहिया संरक्षक पूर्व जिला अध्यक्ष अजाक्स सोहनलाल चौधरी, अरविंद सिंह पेंड्रो, रामदास चौधरी, राजकुमार चौधरी ने की है।

### बिस्तर पर अचेत पड़ा था युवक, डाक्टरों ने मृत घोषित किया

**कटनी।** एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना कैमोर थाना अंतर्गत खलवारा बाजार की है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है। कैमोर पुलिस ने बताया कि संदीप यादव 42 निवासी खलवारा बाजार वार्ड नंबर पांच बीती शाम तक लोगों को दिखा था। शनिवार दोपहर तक जब युवक नजर नहीं आया तो पड़ोसियों ने उसके घर में जाकर उसे देखा तो यह अपने घर में बिस्तर पर अचेत पड़ा था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को विजयराघवगढ़ अस्पताल ले जाया गया। यहां चिक्तिसकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक के परिजनों की करीब 16 वर्ष पहले मौत हो गई थी। तबसे वह अकेले ही रह रहा था। पड़ोसियों ने बताया है कि युवक बीती शाम अपने घर के बाहर पानी भर रहा था। इसके बाद वह किसी को नहीं मिला। युवक की कैसे मौत हुई। पुलिस जांच कर रही है।

## प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों को दिया गया लीडरशिप प्रशिक्षण

# नेतृत्व कौशल से प्रधानाध्यापक बदलेंगे स्कूलों की तस्वीर, शिक्षा की गुणवत्ता होगा प्राथमिक लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में डाइट कटनी में जिले की सभी शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों को विकासखंड वार 6 चरणों में पांच दिवसीय लीडरशिप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नीपा एवं एन सी एस एल द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के संदर्भ में तैयार मॉड्यूल का राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा हिन्दी में अनुवाद किया जाकर प्रशिक्षण योजना तैयार की गई है। इस योजना में 6 मुख्य क्षेत्र पर आधारित 14 मॉड्यूल्स पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से सतत व्यावसायिक विकास हेतु लीडरशिप पाथ,विद्यालय सुधार हेतु परिवर्तनकारी नेतृत्व,भारत में प्रधानाध्यापकों की भूमिका का पुनः परिभाषीकरण,सीखने और विकास के लिए एक आधार के रूप में विद्यालय,विद्यालय नेतृत्व परिवर्तन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत,समानता और समता, समता एक अवधारणा के रूप में, समता एक उपकरण के रूप में, समानुभूतिरूविद्यालय प्रमुखों के व्यावसायिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कौशल,एजूकेशन फॉर क्रिटिकल थिंकिंग, राष्ट्रीय स्तर की समावेशी शिक्षा नीति,दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं का रूपांतरण,हितधारकों के साथ विद्यालय उन्नयन हेतु साझेदारी,स्कूल आधारित बदलाव के लिए आगामी लीडरशिप तैयार करना शामिल है।




यह प्रशिक्षण स्त्रोत समूह के सदस्यों डाइट फेकल्टी राकेश सिन्नरकर, डी आर जी राकेश विश्वकर्मा,महेंद्र मिश्रा,श्रद्धांजली शुक्ला , शालिनी तिवारी, राकेश गौतम, मंगलदीन पटेल, धनराज बर्मन, सुमित गर्ग, बी ए सी सुरेश धाकड़, द्वारा राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात दिया जा रहा है

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देशानुसार डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा सभी प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण के पश्चात तेरह लक्ष्यों पर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया हैद्य इन लक्ष्यो में प्रमुख रूप से स्वयं को एवं अपने स्कूल को रोल मॉडल के रूप में विकसित करना, शिक्षकों के कार्यों की निरंतर समीक्षा करना, स्कूल के छात्रों को शुरुआत से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये तैयार करना, स्वास्थ्य की देखभाल करना, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु पालकों को बच्चों के प्रत्येक टेस्ट की कॉपियों का अवलोकन कराना, शाला विकास में पालकों एवं जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेना, आकर्षक पुस्तकालय स्थापना, सत्र के प्रारंभ से ही टाइम टेबल के अनुसार अध्यापन की गतिविधि आदि शामिल है । आगामी सत्र में स्कूल मॉनिटरिंग इन्हीं लक्ष्यों पर केंद्रित रहेगी

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों द्वारा डाइट कटनी के पुस्तकालय का भ्रमण एवं डी एल एड छात्राध्यापको द्वारा निर्मित शिक्षण सहायक सामग्री का अवलोकन किया गया जिससे सभी स्कूल अपनी अपनी शालाओं में व्यवस्थित पुस्तकालय स्थापित कर बच्चों एवं शिक्षकों में पढ़ने की संस्कृति का विकास कर सकेंगे एवं टी एल एम का उपयोग कर शिक्षण को प्रभावी बनायेंगे द्य सभी प्रधानाध्यापकों द्वारा पत्र लिखकर यह संकल्प व्यक्त किया गया कि वे शिक्षकों, बच्चों और पालकों के सहयोग से अपने विद्यालयों में अपेक्षित परिवर्तन लायेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा द्य अध्यक्ष शिक्षा समिति अशोक विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण की सीख को विद्यालयों में लागू करने हेतु प्रेरित किया गयां प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में डाइट फेकल्टी कल्पना खरे,राजेन्द्र असाटी,उमाशंकर सैनी द्वारा लीडरशिप स्किल्स पर विशिष्ट उदाहरणों के माध्यम से चर्चा की गई ।



# गांजा बेचने के लिए खड़े युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना की बिलहरी चौकी पुलिस ने एक युवक से गांजा बराम करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा समस्त थाना, चौकी प्रभारी को अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया व नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा व थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक गांजा तस्कर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति शिव मंदिर करहिया तालाब के पास अवैध गांजा विक्रय करने की फिराक में बैठा है। पुलिस द्वारा मौके पर जाकर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम वीरेंद्र उर्फ साहिल पटेल पिता वृन्दावन पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी करहिया कला का होना बताया। उक्त व्यक्ति से उसके पास रखे थैले को चैक करने पर उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उक्त आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राम सिंह, दामोदर राव, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक दिलकेश्वर, संदीप, लव उपाध्याय, विकास की सराहनीय भूमिका रही।

**भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने की थी शिकायत**

# पद के दुरूपयोग एवं राशि हड़पने की शिकायत मामले की प्रारंभ हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अठ्या के खिलाफ शिकायतों की जांच शुरू हो गई है। सीएमएचओ पर पद का दुरूपयोग करते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य मिशिन के अन्तर्गत आवंटित राशि को हड़पने का आरोप लगाया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने शिकायतों की जांच के लिए ज्वाइंट डायरेक्टर जबलपुर को निर्देशित किया गया है। बताया जाता है कि ज्वाइंट डायरेक्टर जबलपुर ने शिकायतों की जांच शुरू कर दी है।

यह शिकायत भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलराज अमर सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से की थी। शिकायतों में कहा गया है कि सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अठया द्वारा शासन द्वारा चलाये जा रहे ग्रामीण स्वास्थ्य मिशिन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रम में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। नियम विरूद्ध तरीके से बिना प्रक्रिया का पालन करते हुये भर्ती की गई है। उनको दी जाने वाले मानदेय की वसूली डॉ अठ्या के वेतन से की जावे। इसके अलावा पद का दुरूपयोग करते हुए आऊट सोर्स पर अपने सगे संबंधी एवं रिश्तेदारों की भर्ती की गई है। ग्रामीण अचंलो में स्वास्थ्य सेवायें देने के लिए बाउंड वाले डाक्टर्स की शासन द्वारा पोस्टिंग की गई, लेकिन इनके द्वारा वाऊन्डवाले डक्टरों की बिना सार्थक रैप में अटेंडेन्स लगाये पूरी सेलरी उनसे 70 प्रतिशत लेकर निकाली जा रही है। डाक्टर्स को दी जाने सेलरी की अटेण्डेन्स सार्थक एप से वैरीफाई की जावे।

शिकायतों में कहा गया है कि स्थापना शाखा में पदस्थ लिपिकों के माध्यम से कर्मचारियों की सर्विस बुक बनवाने में अवैध वसूली की जा रही है। इसके अलावा विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारियों से फर्जी बिल लगाकर अन्टाईड फन्ड और स्वास्थ्य मेंला में आवंटित राशि का 50 प्रतिशत राशि की अवैध वसूली बीएमओ को आवंटित राशि से की जा रही है। बीएमओ द्वारा फर्जी बिल लगाकर सीएमएचओ को आधी राशि दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। किराये पर लगाये गये 24 वाहनों को निर्धारित एजेंसी से फर्जी लागबुक भरकर एवं फर्जी बिल बनवाकर अवैध वसूली कर शासन को लाखों रूपये का चूना लगाया जा रहा है।

इसके अलावा घर पर संचालित सोनोग्राफी का संचालन स्वयं द्वारा किया जा रहा है और पद का दुरूपयोग करते हुए स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ आशाओं पर दबाव बनाकर जबरन गर्भवती महिलाओं को अपने सेंटर में बुलाकर 1 हजार रूपये लेकर उनकी सोनोग्राफी की जा रही है, जबकि शासन के निर्देशानुसार शासकीय अस्पताल में बिना पैसे के सोनोग्राफी किये जाने के निर्देश है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी को प्रेक्टिस करने का अधिकार नही है।

**बैसाखी पर्व पर गुरूद्वारे में हुए विविध धार्मिक आयोजन**



रविवार को खालसा पंथ के सृजन दिवस का बैसाखी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बरही रोड स्थित शहर के प्रमुख गुरुद्वारे में आकर्षक सजावट की गई। यहाँ सुबह 9 बजे से 12 कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। इसके बाद दिनभर गुरु का अटूट लंगर चला साथ ही गुरुद्वारा में सिख विद्वान सिख इतिहास पर आधारित कथा वाचन और मीमांसा करेंगे पंजाबी समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कई घरों में नई शादी की खुशियां मनाई जाएंगी, तो कहीं धार्मिक आयोजन होंगे। जबलपुर से आए रागी जत्थे भाई नरेंद्र सिंह जत्था द्वारा कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके बाद लंगर का आयोजन हुआ। रविवार को भोग, कीर्तन, आनंद साहब का पाठ, अरदास और गुरु के लंगर के साथ बैसाखी पर्व मनाया गया। गुरुद्वारे में गिद्दा और भांगड़ा भी हुये पर्व फसल की कटाई और नई फसल की खुशी में मनाया जाता है।



# मसीही समाज द्वारा निकाली गई खजूर रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मसीही समाज के द्वारा रविवार को पाम संडे पर्व मनाया गया। इस दौरान नगर में खजूर रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इस दौरान एसएस फिलिप एंड जेम्स चर्च सीएनआई से रैली का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा रैली में शामिल मसीही समाज के भाई बहनों का शीतल पेयजल और कोल्ड ड्रिंक से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान ईसाई समाज के फादर नीलेश एस सिंह, डेविड सर, प्रशांत डेविड, सौरभ मसीह, अभिषेक मैथ्यूज, डेनियल मोजेस, जेम्स मोजेस, हडसन स्मिथ, जोज़फ मैथ्यूज , शरद मसीह, आशीष सैमुअल, शैलेन्द्र डेनियल, नवीन, अमित एंड्रूज, एनोस ज्वेल, अभिषेक डेविड, ऑनल थियोफिलस, मार्क मैथ्यूज, प्रिंस मैथ्यूज सहित मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, सुरेन्द्र राय,आशीष पाठक, संगीता लोधी, रीना सरकार ,सुनीता गुप्ता सहित ईसाई समुदाय के लोगों की उपस्थिति रही।

**आंचलिक भाषा पचेली पर केन्द्रित कार्यक्रम 17 अप्रैल को होगा**

# साधूराम स्कूल परिसर 5 दिवसीय साहित्य एवं पुस्तक मेला का आयोजन 16 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय साहित्य एवं पुस्तक मेला समिति कटनी के तत्वाधान में 16 अप्रेल से 20 अप्रेल तक 5 दिवसीय साहित्य एवं पुस्तक मेला का आयोजन स्थानीय साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न होने जा रहा हैं। मोबाइल के आधुनिक युग में पुस्तकें अप्रसांगिक होती जा रही हैं जबकि पुस्तकों का हमारे जीवन में व्यक्तित्व विकास के साथ ही ज्ञान, विज्ञानं, मनोरंजन और अनूभूति के रूप में व्यापक प्रभाव पड़ता हैं, इसी भावना के साथ हमारी वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ी को इस अदभुत संसार से जोड़ने के क्रम में यह आयोजन अपनी भूमिका का निर्वहन करने जा रहा हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकाशक अपने द्वारा




प्रकाशित पुस्तकों को विक्रय हेतु उपलब्ध कराएँगे।

16 अप्रेल को सायं 4:30 बजे पुस्तक मेले का उद्घाटन नेशनल बुक ट्रस्ट के चेयरमैन मिलिंद सुधाकर मराठे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। पूरे कार्य दिवसों में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, कटनी कलेक्टर दिलीप यादव, मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी कि निदेशक नुसरत मेहंदी, चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय के कुलपति राजेश वर्मा, कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम का भव्य समापन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महाकौशल प्रान्त के प्रान्त प्रचारक श्रीमान बृजकांत जी एवं मध्य प्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री एवं कटनी के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के सानिध्य में संपन्न होगा ।

साहित्य महोत्सव 17 अप्रेल को आँचलिक भाषा पचेली पर केंद्रित कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न पुस्तकों कि समीक्षा, विमोचन एवं लोकार्पण के कार्यक्रम पुस्तक मेले को गौरव प्रदान करेंगे ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जावेंगे। मातृ भाषा बोली आधारित कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बनेंगे । विद्यालयीन एवं महाविद्यालीन प्रतियोगिताएं बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने का माध्यम बनेंगी। विभिन्न प्रमुख पुस्तक स्टाल अपनी श्रेष्ट पुस्तकों का प्रदर्शन एवं विक्रय करने नगर में पधार रहे हैं, जान मानस से आग्रह हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पुस्तकों को क्रय करके अपने परिजनों को पुस्तकों के अद्भभुत संसार से रूबरू कराएं।

**शाम करीब 7 बजे हल्की बारिश होने से तापमान में आई गिरावट**

# भीषण गर्मी के मौसम में आसमान में बादलों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भीषण गर्मी के मौसम में जहां लोग त्रस्त हैं। वहीं आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया है। रविवार को सुबह से ही तेज अंधड़ चला। दोपहर तक मौसम लुका छिपी वाला रहा । शाम होते ही पूरी तरह बादलों ने आसमान में डेरा डाल लिया। बादलों को देखकर किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई तो खेतों में लगी फसल तबाह हो सकती है। हालांकि जिले में गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। आधे से ज्यादा फसल की कटाई हो चुकी है लेकिन अभी जिन किसानों की फसल खेतों में खड़ी है उनकी हालत पतली हो रही है क्योंकि आसमान में घने काले बादलों ने अपना डेरा डाल लिया है। रविवार की शाम करीब 7 बजे से



हल्की बारिश शुरू हुई। रूक रूक होती रही जिससे तापमान में गिरावट आई और तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली। जबकि दो दिन पहले तक जब मौसम पूरी तरह साफ था तब तीखी धूप व उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सुबह से ही तीखी धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। भीषण गर्मी के कारण पंखा व कूलर भी बेअसर साबित हो रहा है। लगातार गर्मी के कारण न तो दिन में चैन मिल रहा है न रातों को सुकून। ग्रामीण इलाकों में बिजली की लचर व्यवस्था के कारण परेशानी और बढ़ जाती है। बिजली गुल होने के कारण लोगों की नींद हराम हो गई हैं। उमस और तपिश के कारण लू का प्रकोप भी बढ़ रहा है। दैनिक कामकाज से जुड़े लोगों के लिए कार्यालयों में समय काटना भी मुश्किल हो जाता है। भीषण गर्मी के कारण लू और मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लगातार लोग इसकी जद में आ रहे हैं।

बादल छाने से पूर्व तक तापमान बढते के चलते गर्मी से स्वास्थ्य पर होन वाले दुष्प्रभाव, बचाव एंव उपचार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप अठ्या द्वारा आमजन को हीट स्ट्रोक (लू) से बचने के लिये एडवाईजरी जारी की गई है।

लू लगने पर सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होनातेज बुखार के साथ मुंह का सूखना। चक्कर और उल्टी आना। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना। शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख कम लगना। बेहोश होना।

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य ना हो तो घर से बाहर ना जावें। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपडें से अच्छी तरह बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस.घोल पियें। चक्कर आने मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी सर दर्द तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र जावें। बच्चे बुजुर्ग एंव बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले।

# झूला बनाकर खेल रही बच्ची के गले में फंसा फंदा, थमी सांसें

**विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत सिनगौड़ी गांव में हुई घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

झूला झूलना एक सात वर्षीय बच्ची को इतना भारी पड़ा कि उसकी जान चली गई। यह घटना विजयराघवगढ़ के सिनगौड़ी गांव में गत दोपहर करीब ढाई बजे हुई। जानकारी के अनुसार चौखट में झूला बनाकर बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान अचानक ऐसा कुछ हुआ कि बच्ची के गले में झूला फंदा बनकर फंस गया। इस घटना के बाद साथ में खेल रहे बच्चे भाग गए। इसके बाद अन्य पड़ोसी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। फिर भी परिजन व पड़ोसियों के सहयोग से फंदे से उतारकर बच्ची को विजयराघवगढ़ अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया कि रेनसी रघुवंशी - पिता राघवेंद्र सिंह (7) निवासी सिनगौड़ी अपने - घर में कुछ पड़ोस के बच्चों के साथ झूला बनाकर खेल रही थी। हादसे के वक्त उसके माता-पिता घर में नहीं थे। उसकी मां फूला सिंह रघुवंशी सिनगौड़ी के बगल के गांव पिपरिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में पदस्थ है। यह मूल रूप से पठरा थाना बड़वारा के रहने वाले हैं। वह सिनगौड़ी गांव में सेकंड प्लोर में किराए से रह रहे थे। बच्ची की मां जब आंगनबाड़ी गई थी। इसी दौरान यह हादसा हो गया। इस दर्दनाक हादसे को जिसने भी सुना उसकी आंखों में आंसू आ गए। क्षेत्र में इसकी चर्चा होती रही।

## खबर संक्षेप

### पन्ना टाइगर रिजर्व नर बाघ पी-243 आपसी संघर्ष में घायल

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता अन्तर्गत स्वच्छंद रूप से नर बाघ पी-243, उम्र 10 वर्ष विचरण कर रहा है। लगभग 03 माह पूर्व आपसी संघर्ष में बाघ के सिर पर चोट लग जाने के कारण घाव निर्मित हुआ है, जिसका उपचार बाघ विशेषज्ञों की सलाह पर सतत रूप से वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, प०टा०रि० के द्वारा किया गया किन्तु उपचार से बहुत अधिक लाभ नही हुआ। अतः ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाघ के स्कल में फ्रेक्चर है, जिस कारण से घाव ठीक नही रहा है। बाघ विशेषज्ञों के सतत सम्पर्क में रहते हुये बाघ का उपचार एवं प्रबंधन किया जा रहा है।

### जिला स्तरीय अम्बेडकर जयंती का भव्य आयोजन छत्रसाल पार्क में आज

**पन्ना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविधान निर्माता, देश के गौरव, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ कल 14 अप्रैल 2025 को सायं 05 बजे से स्थानीय छत्रसाल पार्क पन्ना में मनायी जायेगी। जिसमें बहुजन समाज बनाने की दिशा में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वालीं डॉ. प्रीति और डॉ. पुष्पेन्द्र बहुजन द्वय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तो वहीं मंज़िल की जुस्तजू में कारवां रखने वाले, प्रतिष्ठित ख़्याति लब्ध साहित्यकार, प्रसिद्ध कवि तथा वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार चिन्तक लक्ष्मी नारायण चिरोलया (कोरी) कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कड़ी में जिला अम्बेडकर समीति पन्ना के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जाटव, सीनियर एडवोकेट पन्ना श्री रामलाल प्रजापति सहित श्री शैलेश विश्वकर्मा एडवोकेट समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। इस तारतम्य में अजाक्स अध्यक्ष श्री रामप्रताप प्रजापति, जसवंत सिंह, धरमू प्रसाद कुशवाहा, डॉ. अरविंद मंडेलिया, विनोद मौर्य, सहदेव प्रजापति, फुंदी लाल अहिरवार, विश्राम सिंह जाटव, आर. के. रवि, श्रीमती विमला अहिरवार, बसंत कोरी सहित सैकड़ों की संख्या में समारोह के आत्मीय सहयोगीजनों ने कार्यक्रम में भारी संख्या में ठीक समय पर उपस्थित होकर, एकता का परिचय देकर समारोह को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### सिंचित भूमि पर असिंचित बनाया गया मुआवजा

**पन्ना।** सोनू रजक ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि में कटरा का निवासी हूं मेरी ज़मीन सलेहा दतुनहा बाईपास 943 में विभिन्न आराजी नम्बर की अधिग्रहण की गई है मेरी सिंचित भूमि को असिंचित दर्शाया गया है।

### सामाजिक संगठनो, स्वयंसेवी, वार्डवासियों ने सहभागिता निभाई

# स्वच्छता ही सेवा: 42वां सप्ताह अंतर्गत दीवान जी की तलैया में श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन दमोह के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से प्राचीन एवं ऐतिहासिक दीवान जी की तलैया में गहरीकरण एवं सफाई हेतु एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 42 वें साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम में नगर के विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा जागरूक नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह कार्यक्रम स्वच्छता, जल संरक्षण और जनसहभागिता के अद्भुत समन्वय का उदाहरण बना, जो नगरवासियों को प्रेरणा देने वाला कदम सिद्ध हुआ। श्रमदान में सभी का सहयोग के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा आगे भी ऐसा सहयोग मिलता रहे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कहा कलेक्टर श्री कोचर का सपना हैं कि जिले के जितने भी तालाब है, वह स्वच्छ हो, सुंदर हो, उनमें जैसे पूर्व में जल भरा रहता था, वैसा जल हो, उसका उपयोग भी वैसा ही हो जैसे पूर्व में होता है। इसी उद्देश्य से सबसे पहले दीवानजी की तलैया में जन सहयोग से साफ करने का बीड़ा उठाया है। यहां अभी पानी डाइवर्ट किया था। कुछ जगह से पानी वापस से लोगों ने कुछ समस्याओं के चलते वापस वहाँ जाने लग गया है जिसे पूरी तरह से डाइवर्ट करा रहे हैं और उसकी सफाई में जो जन सहयोग मिल रहा है जिसके लिए सभी का बहुत बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा सफाई हो जाएगी तो वापस से आपका जो तालाब है, वह फिर से वैसे ही हो जाएगा। संत निरंकारी मंडल के राजेश कुमार सोनी ने कहा स्वच्छता अभियान में आए हैं और भारत के नागरिक होने के नाते जल की सुरक्षा, जल की साफ सफाई होना सभी का कर्तव्य हैं। हम लोग खुशी-खुशी यहाँ पर सेवा करने के लिए आए हुए हैं। आसाटी समाज की नेहा आसाटी ने कहा हमें अपने घर के आसपास, अपने गली, मोहल्ले, शहर सब जगह साफ सफाई रखनी चाहिए ताकि बीमारियों से बचाया जा सके और हमारे आने वाली पीढ़ी को भी स्वस्थ्य रखा जा सके। यहाँ जवारे विसर्जन होते थे लेकिन अब ऐसी स्थिति है यहाँ गंदगी के कारण इस बार जवारे विसर्जन के लिए कुंड बनाके जवारे विसर्जन करना पड़ा। इसकी साफ सफाई करके हम इसको पहले जैसा बनाएं और जैसा पहले प्राचीन समय से चला आ रहा है वैसा हो जाए यही प्रयास किया जा रहा हैं। गायत्री परिवार की विद्या राजपूत ने कहा आज हम लोग सब सफाई करने के लिए आए हैं सब बहने मिल के आए और यह कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा।

#### श्रमदान में सम्मिलित प्रमुख संस्थाएं

महाराष्ट्र समाज दमोह, असाटी समाज दमोह, गायत्री परिवार, विश्व हिंदू परिषद, पतंजलि योग समिति, निरंकारी मिशन, प्रयास पर्यावरण संस्था, श्रीराम मंदिर सेवा समिति, शिवाजी पार्क समिति, चौरसिया युवा मंडल, महाराजा छत्रसाल समिति, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, गुरु पूर्णिमा उत्थान समिति, निर्झर प्रयास, छात्र सर्व कल्याण समिति, जिला योग समिति, अनहत कला केंद्र, मिशन जन जागृति आदि संस्थाओं के सदस्यों ने स्वेच्छा से श्रमदान में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास से जुड़े छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता एवं जन अभियान परिषद के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। साथ ही सम्मानीय मीडियाजनों ने भी अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर एसडीएम दमोह सहित विभिन्न समाजिक एवं स्वंयसेवी संगठनों के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, सम्मानीय मीडियाजन, वार्डवासी मौजूद रहे।

## गर्मी की दस्तक से बढ़ी देशी फ्रिज की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अंचल सहित क्षेत्र में प्रचंड गर्मी की एंट्री अब हो चुकी है इलाके में अधिकतम तापमान का असर भी देखने को मिल रहा है। वहीं दोपहर की धूप चुभने लगी है लोग सुबह 10 के बाद अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं अब ऐसी बढ़ती गर्मी में लोगों को देसी फ्रिज की याद आ ही जाती है, जिस तरह से लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। वैसे ही लोगों का रूख देसी फ्रिज की ओर हो रहा है। भीषण गर्मी की एंट्री होते ही लोग परेशान नजर होने लगे हैं जिससे देसी फ्रिज यानी मटके पर सभी की निगाहें टिक गई है। हटा नगर एवं आसपास के सप्ताहिक बाजारों में कुम्हार मटके बनाकर बाजार में बेच रहे हैं। चकरदा गांव के रामगोपाल प्रजापति ने बताया कि पिछले वर्ष भी छोटे साइज का मटका 50 से 80 रूपए बड़े साइज का मटका 100 से 150 रुपए में बिक्री की गई थी। इस वर्ष भी मटके के कीमत पर कोई इजाफा नहीं किया गया है। पिछले वर्ष की रेट पर ही बेचा जा रहा है। जानकारों ने बताया कि मिट्टी से बने इन घड़ों के रेस या रंध्र की वजह से वाष्पीकरण की प्रक्रिया लगातार होती रहती है जिससे पानी ठंडा रहता है। प्रजापति ने बताया कि पहले मिट्टी को लाया जाता है और उसे पानी में भिगोकर नरम किया जाता है। फिर इसे अच्छी तरह छाना जाता है ताकि कोई कंकड़ या गंदगी न रहे। जब मिट्टी सही रूप से तैयार हो जाती है, तब उससे मटके, सुराहियां और अन्य मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं। मटके तैयार होने के बाद इन्हें आस-पास सप्ताहिक बाजारों में बेचा जाता है। ग्रामीणों के अनुसार मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

## हॉकी मध्य प्रदेश पुरुष टीम का विजय अभियान जारी



**दमोह।** हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि हॉकी मध्य प्रदेश पुरुष टीम का विजय अभियान जारी है। झांसी मे खेली जा रही राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता मे दोपहर खेले गये सेमीफाइनल मैच मे हॉकी मध्य प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मणिपुर को पांच तीन गोल से पराजित कर फाइनल पहुंच गई। जहा उसका मुकाबला उत्तर प्रदेश पंजाब के बीच विजेता टीम से15 अप्रेल को होगा। टीम को हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से महासचिव लोकबहादुर नगद राशि देकर सम्मानित करेगे। झांसी हॉकी मध्य प्रदेश के पदाधिकारी भी मैच देखने जा रहे है। हॉकी मध्य प्रदेश की टीम ने शुरुआत से आक्रमण कर पांचवे मिनिट मे अफफान युसुफ ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर बढत बनाई सातवे मिनट मेअली अहमद ने फील्ड गोल कर पन्द्रहवे मिनट मे अली अहमद ने फील्ड गोल की। 34वे मिनट मे अफफन ने फील्ड गोल कर बढत बनाई उन्नचासवे मिनट मे जेद खान ने गोल कर पाच गोल मणिपुर की टीम पर किये मणिपुर की ओर से पेनाल्टी कार्नर पर दो गोल एक फील्ड गोल किया। मध्य प्रदेश ने पाच तीन से विजय प्राप्त कर फाइनल मे प्रवेश किया। ललित नायक कोषाध्यक्ष, जगेनदर तोमर, सहसचिव राजेश सालोमन, भगवान सिंह, हरिशंकर, आभा रोहित, एन आई एस कोच सरोज राजपूत, विजय ठाकुर, संतोष सेन, अल्ताफ, विकास जैन, तरूण, इमरान, असार विवियन कोच इमरान राकेश देवकीनंदन की कुशल रणनीति से खिलाडियो ने शानदार प्रदर्शन कर विजय प्राप्त की है। अफफान युसुफ को मैच का बेहतरीन खिलाडी घोषित किया । हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से शुभकामनाये।

## प्राचीन साला मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन

**हटा।** शनिवार को हनुमान प्राकट्य उत्सव के पर्व पर हटा के समीपस्थ ग्राम हारट में प्राचीन साला स्थित हनुमान मंदिर में आस्था की ऐसी बेमिसाल तस्वीर देखने को मिली जो वर्षों तक श्रद्धालुओं के दिलों में बनी रहेगी। शनिवार की सुबह से ही समस्त ग्राम वासियों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पर्व को यादगार बना दिया। विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संकट मोचक का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर में पवनसुत को लड्डुओं का भोग लगाया गया। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय जय कपीस तिहुँ लोक उजागर की गूंज के साथ सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के पाठ हुए। मंदिर में हवन एवं महाआरती के कार्यक्रम भी हुए। हारट साला के पुजारी ने बताया कि भगवान हनुमान का जन्मोत्सव चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है शास्त्रों के अनुसार संकट मोचन हनुमान आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। इस दिन श्रीराम और हनुमानजी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बजरंगबली को अष्ट सिद्धियां और नौ निधि का वरदान प्राप्त है। इसके प्रभाव से वह सभी भक्तों की विपत्तियों को समाप्त करते हुए जीवन में खुशियां भरते हैं। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में भगवान हनुमान का जन्म चैत्र पूर्णिमा पर मंगलवार को सुबह हुआ था। इसी वजह से हर मंगलवार भगवान हनुमान की विशेष पूजा की जाती है। इसके अलावा शनिवार भी भगवान हनुमान को प्रिय है। त्रेता युग में रुद्रावतार भगवान हनुमान के पिता केसरी और माता अंजनी थीं। भगवान हनुमान को अलौकिक और दिव्य शक्तियां प्राप्त हैं। शिव पुराण के अनुसार भगवान हनुमान ही भगवान शिव के 11 वें अवतार हैं। श्री राम के परम भक्त हनुमान प्राकट्य उत्सव पर सुबह हनुमान जी का विशेष श्रंगार कर चोला चढ़ाया गया इसके उपरांत विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ किया गया वहीं दोपहर उपरांत कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के अलावा आसपास व हटा नगर के भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में भक्तों द्वारा भजन कीर्तन किया गया जिससे पूरे परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के गगनभेदी जयघोष गूंजते रहे।



## राज्य कर्मचार संघ हटा के निर्वाचन संपन्न



**हटा।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तहसील/ ब्लाक हटा के निर्वाचन प्रक्रिया शनिवार को नगर के मां चंडी जी मंदिर परिसर में निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश्वर मंडावी द्वारा तहसील एवं ब्लाक के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न कराए गए। जिसमें निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित कर्मचारियों की सहमति एवं शिक्षक जितेंद्र सिंह,शैलेंद्र सिंह राजपूत के विशेष सहयोग से माध्यमिक शिक्षक महेंद्र पटैल को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष निर्वाचित किया गया वहीं सचिव मनोज उपाध्याय पंचायत सचिव को संघ का सचिव नियुक्त किया गया एवं कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक आदित्य सिंह राजपूत को बनाया गया। तहसील निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत हटा ब्लाक अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ सुपरवाइजर श्री बुद्धन लाल तंतुवाय को निर्विरोध चुना गया एवं सचिव श्री आनंद पटेल माध्यमिक शिक्षक, कोषाध्यक्ष मणिशंकर राय प्राथमिक शिक्षक निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत उपस्थित कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारीयों को फूल मालाएं पहनाकर बधाई शुभकामनाएं देते हुए समस्त कर्मचारी एकजुट रहकर कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु नवगठित टीम का सहयोग किए जाने की बात कही। इसके उपरांत निर्वाचन अधिकारी एवं जिले के पदाधिकारियों ने अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि आप अपनी पूरी कार्यकारिणी अतिशीघ्र बना कर जिला संयोजक को लिखित में सूचित करे जिससे आगे की कार्यवाही विधिवत की जा सके। इस अवसर पर समस्त विभागों के कर्मचारी ,शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## हनुमान जयंती पर किया पौधारोपण



**दमोह।** पिछले 18 वर्षों से हर रविवार को पौधारोपण करती चली आ रही सामाजिक संस्था कदम ने जिला आयुष चिकित्सालय में हनुमान जयंती, संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर पौधारोपण किया। अनिल जैन,वैभव नेमा,रामेश्वर तिवारी,आदित्य मिश्रा ने अपना जन्मदिन कदम संस्था के साथ पौधा रोपकर मनाया। संस्था प्रमुख दीपक सेन ने प्रभात सेठ, जय शुक्ला, दिनेश प्यासी, प्रेम नारायण द्विवेदी, पवन यादव, पंडित विनोद तिवारी, आदित्य गोस्वामी, मनीष तिवारी, मनोज शर्मा, प्रदीप नामदेव, अभिनव सेन, साधना श्याम उसरेटे, रेखा सेन, रीना हीराधार, शानवी टंडन का जन्मदिन आम का पौधा रोपकर मनाया। सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया व सम्मान पत्रों का वितरण किया गया संजय मिश्रा डॉ,नवीन दुबे,महेश पाठक,अनिल जैन ने अपने -अपने विचार व्यक्त किये एवं कदम संस्था के कार्यों की सराहना की कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था प्रमुख दीपक सेन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति रश्मि सेन,मनोरमा रतले,सुधा हजारी,अदिति मिश्रा, नाविका दुबे,नियति दुबे,राधेश्याम नेमा,प्रभात जैन,राहुल टंडन,संजय रजक,अंकित खरे,दिग्विजय सेन अविनाश वाल्मीकि रामकुमार गुप्ता की रही।

### बूथ समिति और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सम्मानित

**तारादेही।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं मंडल अध्यक्ष के निर्देशन में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत विभिन्न बूथों पर बूथ समिति और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन कर सम्मान किया एवं तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर लोधी ने तारादेही क्षेत्र के 283 . 284 केंद्र का किया निरीक्षण साथ ही मरीजो के हाल-चाल जाने एवं अस्पतालों की सुगम बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि हर मरीज को बेहतर उपचार एवं बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सके इस दौरान कल्लो बाई गौड मौजूद रही।

## बाबा साहेब प्रतिमा पर सफाई कर दीप प्रज्ज्वलित किए

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दमोह दीनदयाल नगर मंडल द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 जन्म जयंती के पूर्व संध्या पर दमोह नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर सफाई की गई तद्उपरांत प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित किये गए। भाजपा महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने कहा कि भाजपा दीनदयाल नगर मंडल दमोह के द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के साफ सफाई उपरांत दीप प्रज्वलित कर अपनी श्रद्धांजलि दी गई। डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुसूचित जाति मोर्चा जिला गणेश जाटव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर दीपक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसी तरह जिले के सभी मंडलों में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेश राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान निर्माण का कठिन कार्य किया। वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का जो दर्जा आज भारत को प्राप्त है वह डॉ भीमराव अंबेडकर जी द्वारा निर्मित संविधान की ही देंन है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजिद रिजवी, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, राकेश गुरु, पार्षद विजय जैन, भरत यादव, विवेक अग्रवाल, अरूण सोनी, कुसुम खरे डीके रोहित, रत्नेश खरारे, अखिलेश सिंह घोषी, आदित्य सिरोठिया, कार्तिक शेलार, विधान पारासर सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**तारादेही।** तारादेही में बडी धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव पर डीजे- बाजो के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली भव्य शोभा यात्रा ग्राम की सांकला की माता के मंदिर से होकर गाँव की खेर माता से ऊपर बाखर बरिया के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पूजा - अर्चना कर प्रसाद वितरण किया एवं राम मंदिर तक बड़ी धूमधाम से शोभा यात्रा संपन्न हुई इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी एवं थाना प्रभारी राजीव पुरोहित सहित पुलिस मौजूद रही।

# हास्य कवि सम्मेलन में प्रतिभाएं हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह






प्रतिवर्षानुसार आयोजित यह कवि सम्मेलन कवि स्व.श्री प्रेमचंद्र विद्यार्थी को समर्पित करते हुये युवक क्रांति संगठन एवं जनपरिषद चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय उमा मिस्त्री की तलैया में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन एन.के.त्रिपाठी, पूर्व डी.जी.पी.एवं अध्यक्ष जन परिषद के मुख्य आतिथ्य राम जी श्रीवास्तव संयोजक जन परिषद भोपाल की अध्यक्षता एवं आर.एल.बागरी एस.डी.एम, एन.एस.ठाकुर सहायक जिला शिक्षा अधिकारी, अभिषेक जैन, राजस्व निरीक्षक, सुन्दर लाल विश्वकर्मा अध्यक्ष नगर परिषद पथरिया, जिला जैन पंचायत सुधीर सिंघई, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन, संचालक रूपचंद जैन सी.ई.ओ. डॉ.चेतन जैन, डॉ.आर.के.जैन, महेश दिगम्बर, विनय मलैया, राजेश जैन सन्मति सिटी, प्रमोद गांगरा, संजय जैन नीलम, आनंद जैन बी.एस.एन.एल,संजीव शाकाहारी, अरूण जैन कोर्ट, दिलेश चैधरी, मुकेश मम्मा, के आतिथ्य में आयोजित किया गया। रात 10 बजे से प्रारंभ हुये कवि सम्मेलन में जिलें की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिभाओं को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन के प्रथम चरण में दौरान दीप प्रज्वलन अतिथि स्वागत के पश्चात हास्य रस के साथ वीर व श्रृंगार रस की वर्षा में दर्शकों ने रात भर गोते लगाए।इस अवसर पर जहाँ कविगणों एवं अतिथियों का स्वागत संस्था पदाधिकारी सुधीर विद्यार्थी, मनोज जैन स्वतंत्र, दिनेश प्यासी, अभिषेक सिंघई एडवोकेट, सुशील विद्यार्थी,सुनील विद्यार्थी, एडवोकेट, सौरभ विद्यार्थी, शरद पलंदी, श्रीमति प्रीति गौतम, श्रीमति दुर्गेश मिश्रा, श्रीमति मनीषा तिवारी,आदि ने किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने युवक क्रांति संगठन तथा जन परिषद चैप्टर दमोह द्वारा निरंतर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कवि सम्मेलन की सराहना करते हुये स्व.कवि श्री प्रेमचंद्र विद्यार्थी को याद करते हुये उनकी साहित्यिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को याद कर सराहना की। कार्यक्रम में संस्था महासचिव अभिषेक सिंघई, ने गतिविधियों पर प्रकाश डाला।तथा कार्यक्रम संचालन अध्यक्ष दिनेश प्यासी ने किया।

रात भर लगे ठहाके-कवि सम्मेलन का संचालन रीवा से पधारें अमित शुक्ला ने करते हुये सर्वप्रथम कवियत्री काव्या मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना के माध्यम से कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शाजापुर से पधारें हास्य कवि दिनेश देशी घी ने अपनी रचना-मॉ महात्मा और परमात्मा इन तीनों की महिला न्यारी है। पर इन तीनों में मॉ सबसे प्यारी है मॉ ममता पिता प्यार है,मॉ बाप के चरणों में सारा संसार है के साथ अनेक व्यंग रचनाओं ने श्रोताओं को हंसनें पर मजबूर किया हम अपना दर्द बांटे या न बांटे पर हॅसी बांटे, भुलाकर सारे गम अपने सभी के संग खुशी बांटे। व्यंगकार रीवा अमित शुक्ला ने हास्य को उचाईयों तक पहुंचाते हुये कहा-बाल विवाह जैसे कुप्रथा तो बंद हो गई है,वृद्ध विवाह भी तो अब बंद होना चाहिए।। हास्य की श्रृंखला में कटनी से पधारें मनोहर मनोज ने अपनी रचना डॉक्टर होकर आप कैसी बातें करते है,इस देश में लोग जहर से नहीं दवाईयों से मरते है। राजस्थान से पधारें हास्य कवि अर्जुन अल्हढ़ ने अपनी व्यंग रचना जीवन की आपा-थापी में हम हंसना क्यों भूल गये,हंसते-हंसते ही तो भगत सिंह फांसी के फंदे नर झूल गये। कवि सम्मेलन को कोटा से पधारें ओज कवि भूपेन्द्र राठौर ने अपनी रचना आओं मिलकर दीप जलाएं महावीर धरा पर आएं है,अंधियारें को दूर भगाकर भगवान रोशनी लाये है। जात-पात के बंधन टूटे हम ऐसे दिये जलाएं जी,हर देहरी पर पर दीप जलाकर जिनवाणी को गाएं जी। ललितपुर से पधारें करूणरस के कवि वीरेन्द्र विद्रोही ने कहा- कैसे पलेगें बच्चे अगर खेतियॉ न हो,वह घर नहीं है घर जहॉ बेटियॉ न हो।। कवियत्री काव्या मिश्रा ने अपने गीत-मै भी उससे रूठ गई हूं वो भी मुझसे रूठा है, दिल की हालत वेकाबू है,वक्त हाथ से झूठा है। प्रतापगढ़ से पधारी सुमित्रा सरल ने जहां हास्य और श्रंगार की रचनाओं से जहां उपस्थित श्रोताओं का मंत्र मुग्ध किया वहीं भोपाल से पधारी कवियत्री शाबिया असर ने-गुलिस्ता में यूं ही बहार आएं, है दुआ में बार-बार आएं के साथ श्रंगार और व्यंग की रचनाओं में श्रोताओं को हसने पर मजबूर कर दिया। अल सुबह तक चले कवि सम्मेलन में जहां हास्य एवं गीत गजल के रचनाकारों की रचनाओं से श्रोताओं को एक सूत्र में बाधें रखा।कार्यक्रम में आयोजक सुधीर विद्यार्थी,मनोज जैन पत्रकार,ने युवक क्रांति संगठन एवं जन परिषद चैप्टर की गतिविधियों की जानकारी देते हुये युवाओं को समाज सेवी कार्यो में संलग्न होने की अपील की। अंत में सभी का आभार सौरभ विद्यार्थी ने किया ।

खबर संक्षेप

## मझगुंवा में बिजली लाइन की शॉर्ट सर्किट से आग, 3 सौ बोझे जलकर राख

**बनवार।** मझगुंवा गांव में बिजली लाइन की शॉर्ट सर्किट से गेहूं के बोझों में आग लग गई। इस घटना में कुछ बोझे जलकर राख हो गए, जबकि ग्रामीणों ने कुछ बोझे बचा लिए। आग लगने के बाद बिजली विभाग को सूचित कर लाइन बंद कराई गई और ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयासों से आग बुझाने का काम किया। आग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए ग्रामीणों ने जमीन जोतकर आग की लाइन काट दी। बताया जाता है कि 11 केवी लाइन के नीचे गेहूं के करीब 200 से 300 बोझे रखे हुए थे। शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी से आग लग गई और देखते ही देखते विकराल हो गई। गनीमत रही कि आग गांव में नहीं फैल पाई और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आग वहीद भाई जान के गेहूं के खलियान में लगी थी। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बिजली लाइन के नीचे बोझे रखने से बचना चाहिए।

### देहात थाना पुलिस ने की कार्यवाही

# हथियार व निर्माण सामग्री के साथ 6 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह देहात थाना पुलिस ने हथियार बनाने वालों को पकडने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने दो माऊजर, एक 12 बोर कट्टा, कारतूश, चाकू एवं कट्टा, कारतूस बनाने की सामग्री सहित 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दमोह एवंअति. पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के द्वारा आरोपियों की धरपकड़ एवं अवैध हथियार पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में दिनांक 13.04.2025 को मुखबिर की प्राप्त सूचना तस्दीक पर न्यू ब्रिज के नीचे पप्पू पटेल के घर के पास सागरनाका पर आरोपी उपरोक्त से पृथक-2 अवैध दो माऊजर, 01 बारह बोर कट्टा, कारतूस, चाकू एवं कट्टा कारतूस बनाने की सामग्री जप्त कर



आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों के विरूध्द थाना दमोह देहात में अप.क्र. 261/25 धारा 25/27,25(1)(a) आर्म्स एक्ट, 111 बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजा उर्फ बल्लम पिता स्व कडोरी अहिरवाल उम्र 19 वर्ष निवासी खजरी मोहल्ला सिविल बार्ड नं 10 दमोह, रामसींग बिड़ला पिता कालूराम बाल्मिकी उम्र 19 वर्ष निवासी चैनपुरा बजरिया वार्ड नं 6 दमोह, संदीप उर्फ सुदामा पिता स्व रामदास पटैल उम्र 36 साल निवासी मुश्कीबाबा मागंज वार्ड नं 4 दमोह, पवन पिता हरप्रसाद अहिरवाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम हिरदेपुर थाना दमोह देहात, सोनू उर्फ सोमनाथ पिता शेखर राठौर उम्म्र 19 साल निवासी ग्राम खिरिया (महला) थाना दमोह देहात, शशांक उर्फ मनू पिता रामेश्वर शुक्ला उम्र 19 साल निवासी इन्द्रा कालोनी दमोह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से दो नग माउजर, कारतूश , एक नग 12 बोर का कट्टा कारतूश , एक नग लोहे का खंजर चाकू एक नग 315 बोर का अधवना कट्टा, नगद 4000 रूपया, कट्टा कारतूश बनाने की सामग्री तथा खाली कारतूश के खोके रूपये कुल मशरूका कीमती करीबन 50500 रूपये जब्त किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वालों में आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी सागरनाका सउनि रमाशंकर मिश्रा, सउनि अकरम खान, प्र.आर. संजय पाठक, प्र.आर. आलोक, प्र. आर. कामता, आर. गौरव, आर. नितिन राज, आर शोएब मिर्जा, आर. दीपेश थाना दमोह देहात, प्रआर, महेश यादव, आर. देवेन्द्र, र. के. प्रआर. राकेश अठ्या, प्रआर. सौरभ टंडन साईबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर की रिमांड 4 दिन बढाई

**दमोह।** मिशन अस्पताल फर्जी डॉक्टर के इलाज से 5 हृदय रोगियों की मौत का मामला 5 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने आज रविवार को स्पेशल कोर्ट में आरोपी डॉक्टर एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को न्यायालय में किया पेश,आरोपी के अधिवक्ता ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा और जमानत की मांग की वही पुलिस ने पूंछतांछ के लिए और समय मांगा जिस पर 4 दिन की और रिमांड बढाई गई। डॉ के अधिवक्ता सचिन नायक ने बताया कि न्यायालय द्वारा याचिका खारिज कर दी है और 4 दिन की पुलिस रिमांड 17 अप्रैल तक बड़ा दी है। पुलिस के द्वारा न्यायालय में कहा गया कि अभी जांच बाकी है इसलिए रीमांड और बढ़ाई जाए जिसके चलते न्यायालय ने विवेचक को जांच में कोई परेशानी ना हो इसलिए 4 दिन की पुलिस रिमांड और बढ़ा दी है। अब हम सेशन न्यायालय में जमानत आवेदन प्रस्तुत करेंगे। एडीपीओ संजय रावत ने बताया कि डॉक्टर नरेंद्र यादव उर्फ एन जॉन केम को 5 दिन की पुलिस रिमांड के बाद पुलिस के द्वारा रविवार को न्यायालय में पेश किया गया था। पुलिस ने आगे की जांच के लिए 5 दिन की और रिमांड मांगी थी जिसे न्यायालय ने चार दिन के लिए बढ़ा दिया है और 17 अप्रैल तक आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के द्वारा कहा गया कि अभी इसमें जांच और बाकी है ।

### एसआईटी गठित, नार्को टेस्ट की मांग

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने मीडिया को बताया आरोपी के प्रयागराज वाले फ्लैट से फर्जी डॉक्यूमेंट बनाने की एक पूरी लेब मिली है जिसमें प्रिंटर , वॉटरमार्क पेपर,कई तरह की सील बरामद हुई है। कानपुर के पुस्तैनी घर से इनका लंबे समय से कोई संबंध नहीं है। कानपुर के सभी दस्तावेज नरेंद्र यादव नाम से असली है और पहले ही प्रयास में नरेंद्र यादव का एम बी बी एस में सिलेक्शन हुआ था, **MBBS** की डिग्री असली है और ये होशियार विद्यार्थी रहे है, जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग टीम का गठन कर दिया गया है। नारकोटेस्ट के लिए लिखा गया है। नरेंद्र यादव ने विदेश में कुछ डिग्री जमा होने की बात भी की है जो बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। लंबे समय इनका विदेश भी जाना आना हुआ है।

## दीपक ने किया 49वां रक्तदान



**दमोह।** रक्तदाने महादान के अभियान में शहर के सामाजिक संगठनों के साथ ही कई युवा सतत रूप से इस कार्य में सहभागिता कर कई जीवन बचाते है। इन्ही में से एक नाम है दीपक जैन का जो कई वर्षो से रक्तदान करते आ रहे है। गत दिवस जबलपुर नाका निवासी दीपक जैन उन्होने 49 वां रक्तदान किया। 11 माह के बच्चे विनय अहिरवाल के लिए रक्तदान किया। दीपक ने बताया कि हर 3 माह में रक्तदान के संकल्प का पालन करते हुए आज मैंने जिला अस्पताल दमोह में भर्ती एक बच्चे के लिए रक्तदान किया। यह मेरा 49 वां रक्तदान है इससे पहले 23 जनवरी को रक्तदान किया था। हालांकि 3 माह में 10 दिन कम थे लेकिन बच्चे को ब्लड की तुरंत आवश्यकता थी इसलिए मैंने रक्तदान कर अपना कर्तव्य फर्ज निभाया। 3 माह बाद पुनः रक्तदान करूंगा।

## हवन यज्ञ के साथ श्री राम कथा का समापन, भक्तों ने दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

फूलन देवी मंदिर प्रांगण हिनौती में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा का हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी ने व्यास पीठ से अपने प्रवचनों में भक्त और भगवान का प्रसंग सुनाते हुए निश्चल व निर्मल भक्ति करने का आह्वान किया। भक्त की साधना से खुश होकर भगवान रीझ जाते हैं। उन्होने कहा कि कलियुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा। कलियुग में जीवन के सभी पापों से मुक्ति का एक मात्र आधार भगवान की भक्ति ही है। भगवान का नाम स्मरण करने से ही भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। भगवान नाम में भारी शक्ति है। उन्होंने व्रत उपासना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई ईश्वर किसी से भूखे पेट रहकर भक्ति करने को नहीं कहते हैं। मन पर नियंत्रण और नाम जाप ही इस जगत में पार लगाने के लिए काफी है। इससे पूर्व वेद मंत्रोच्चारण के मध्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए भक्तों द्वारा भागवत कथा के समापन अवसर पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी और भगवान की भक्ति का अनुभव किया।

### सांसद ने खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

# 12 विद्यालय के 199 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




सरस्वती शिशु मंदिर बांदकपुर में सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत जबलपुर के निर्देशन में विद्या भारती की जिला समूह कीड़ा प्रतियोगिता बांदकपुर आयोजित की गई जिसका उद्घाटन दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी सहित विद्या भारती सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुरेंद्र चौरसिया, बांदकपुर सरपंच सुनील कुमार डबुल्या, बांदकपुर मंदिर प्रबंधक रामकृपाल पाठक, बांदकपुर मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह लोधी, समिति सचिव पीयूष डबुल्या की उपस्तिथि में किया गया प्रतियोगिता के मार्गदर्शक शरद कुमार डबुल्या, कैलाश चंद्र नेमा, कोषाध्यक्ष अमित कुमार लखेरा, विद्यालय के प्राचार्य नन्हे भाई सेन सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में प्रतियोगिता में दमोह जिले के 12 विद्यालयों के 199 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए समापन सत्र में विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरूस्कार वितरण करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब में की साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर महोदय एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के निर्देशन में पटेरा में बस स्टैंड के पास वाले तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दूसरे दिन घाट एवं पानी से कचरा निकाल कर सफाई अभियान का आयोजन किया गया l तालाब के घाट पर बहुत ज्यादा गाजर घास, पानी में खरपतवार, सिंघाड़ा की पत्ती, चोई, कपड़ा, पॉलिथीन आदि को निकाल कर पानी को साफ किया और कचरे को ट्रैक्टर ट्राली में एकत्रित करनिपटान किया गया l आज के श्रमदान कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था के सदस्य , नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि और पार्षद नगर के समाजसेवी, भाजपा के पदाधिकारी एवं परिषद के सफाई कर्मियों ने समय दान किया l बस स्टैंड के पास वाला तालाब पटेरा का मुख्य तालाब है इसे स्वच्छ रखने हेतु हम सभी मिलकर निरंतर स्वच्छता अभियान जारी रखेंगे l जल गंगा संवर्धन,बस्ती चलो अभियान, शासकीय उपक्रम भ्रमण ,कार्यक्रम के अंतर्गत पटेरा नगर परिषद के बस स्टैंड तालाब के दूसरे घाट की साफ,सफाई की। एवं फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया स्वच्छ शीतल पेयजल सप्लाई की जानकारी ली एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामेशवर प्रसाद सोनी, श्रीमती सावित्री उपाध्याय,श्री कमल नामदेव, श्री जवाहर मिश्रा, बेनी चोरसिया,कैलाश तामकार,सिंघई कटंगी बाले के घर पहुंच कर भेट की। इस अवसर पर भा ज पा मंडल अध्यक्ष बलवंत सींग,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री बद्री पटेल जी,जिला योजना समिति सदस्य एवं पार्षद पुष्पेंद्र सोनी,लकी गुप्ता मिस्त्री, मुन्ना अवधिया, बलराम पटेल, शंकर तंतुवाय,उत्तम सींग ,हरप्रसाद चोरसिया, योगेश उपाध्याय,पुष्पेंद्र परिहार, कन्नू बसंल, एवं कार्यकर्ता और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बुक एक्सचेंज मेले में लगभग 500 से अधिक अभिभावकों ने पुस्तकों का किया आदान-प्रदान



**दमोह।** एमएलबी स्कूल दमोह में आयोजित बुक एक्सचेंज मेले में बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थियों ने पुस्तक दान की। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों ने मेले में आकर निशुल्क पुस्तक प्राप्त की। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन आनंद विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग की पहल पर दमोह जिले में बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में अभिभावकों ने अपने बालक व बालिकाओं की विगत सत्र की पुस्तक जो उनके लिए अब उपयोगी नहीं थी मेले में आकर दान की। इसी तरह जरूरतमंद विद्यार्थियों ने ऐसी विद्यार्थियों की पुस्तक प्राप्त की जो विद्यार्थी पुस्तक खरीदने में असमर्थ थे निशुल्क पुस्तक के प्राप्त होने पर प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, सहित स्कूल शिक्षा विभाग एवं आनंद विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यातायात और परिवहन विभाग ने की कार्यवाही

**दमोह।** जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत यातायात विभाग तथा पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया मारू ताल बाईपास पर वाहन चालकों का ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग की गई। परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया 01 ट्रक, 01 एम्बुलेंस से टैक्स के रूप में 01.45 लाख रुपए की वसूली की गई। साथ ही 11 वाहनों के चालान काटे गए तथा 38000 के चालान जमा हुए हैं।

## अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत, पत्नि को मामूली चोटें

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह मार्ग पर स्थित कंसा ग्राम के पास एक बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया। जिस कारण वाईक चालक युवक की मौत हो गई है। जबकि पत्नी को मामूली चोटे आई है। जानकारी अनुसार प्रतीक पिता मुन्ना लाल आसाटी निवासी ग्राम जुझार चैकी बांदकपुर जो कि जबलपुर से अपने ग्राम जुझार जा रहा था लेकिन रास्ते में बाइक अनियंत्रित हुई और सड़क छोड़कर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। साथ ही हादसे में युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि पत्नी को मामूली चोटे आई है। तेजगढ़ पुलिस द्वारा डायल 100 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती में कराया गया था जहां डॉक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया उसके बाद भी परिजन युवक के शव को स्वास्थ्य केंद्र से प्राइवेट वाहन से जबलपुर लेकर चले गए। जबकि पुलिस के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जहां पंचनामा कार्रवाई करते हुए तेन्दूखेड़ा में पोस्टमार्टम होना था लेकिन नहीं हुआ।

## नपा कर्मचारियों की हड़ताल का बीजेपी पार्षदों ने किया समर्थन

**दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह में चल रही संयुक्त कर्मचारी संगठनों की हडताल का समर्थन भाजपा पार्षदों ने किया नेता प्रतिपक्ष विजय जैन ने कहां कि कांग्रेस शासित नगर पालिका में कर्मचारियों को न तो समय पर पेमेंट दी जा रही है न ही जीपीएफ की राशि दी जा रही है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है नपा में जो संयुक्त कामबंद हड़ताल कर्मचारियों द्वारा की जा रही है उसका हम सभी बीजेपी पार्षद समर्थन करते है कर्मचारियों के साथ खड़े हुए है।

## जुल्फकार अली भुट्टो चौहान नही रहे

**हिण्डोरिया।** नगर के डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड नं. 08 निवासी अब्दुल कादिर चौहान, पार्षद हबीब राजा चौहान, रहीस चौहान के बड़े भाई एवं इकबाल खान चौहान के पिता जुल्फकार अली भुट्टो चौहान का लगभग 55 वर्ष की आयु मे अचानक हृदयगति रूकने के चलते इंतकाल हो गया। उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द- ए- खाक किया गया।

## लीनेस मैत्री क्लब ने बैसाखी पर्व का किया भव्य आयोजन



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा बैसाखी पर्व का आयोजन बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा के निवास पर किया गया। सभी सदस्यों द्वारा वैसाखी गीत जोर शोर से गाए गए। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य के रंग-बिरंगे परिधानों में सजी लीनेस ने उत्सव की शोभा बढ़ाई। आयोजन स्थल को बैसाखी की थीम पर सजाया गया, जिससे पूरा माहौल पंजाब की सांस्कृतिक छटा से भर गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ हुई, जिसके बाद लोक नृत्यों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मेम्बर्स द्वारा प्रस्तुत गिद्धा और भांगड़ा ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिए। क्लब की एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय परंपराओं और त्योहारों को जीवित रखना है, साथ ही समाज में सौहार्द और उत्सव की भावना को बढ़ावा देना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन सभी सदस्यों और अतिथियों के साथ सामूहिक भोजन के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर बैसाखी पर्व का आनंद उठाया।

## अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या में निकाली गई वाहन रैली



**दमोह।** डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा अंबेडकर जयंती के पूर्व संध्या को शहर के विभिन्न वार्डो से एकत्रित होकर एक वाहन रैली निकाली गई जिसमें शहर के हर वार्ड से युवाओ की उपस्थिति रहीं। वाहन रैली का आयोजन डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा किया गया तथा वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहनीश राव, सुनील आनंदर, पप्पू कसोटया, हरवेन्द्र, धमेन्द्र, मनीष बाबा, अजय बौद्व, रामेश्वर चौधरी, अरविंद, नरेन्द्र अहिरवार सहित सकल हिन्दु समाज के समस्त लोगों की उपस्थिति रहीं। डॉ.भीमराव अंबेडकर चौक पर वाहन रैली का समापन पुष्पवर्षा कर किया गया।

## हिंदू युवा संगठन द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**बनवार।** जबेरा श्री हनुमान जी जन्मोत्सव के अवसर पर जबेरा नगर में देर शाम हिंदू युवा संगठन के तत्वाधान और नगरवासियों के सहयोग तहसील प्रांगण के हनुमान जी मंदिरसे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ हो कर नगर भ्रमण करते हुए श्री राम चौराहा होते हुए पुराना तालाब स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर पूर्ण हुई। शोभा यात्रा के दौरान जहां अखाड़ों के द्वारा हैरतंगज करतब दिखाते हुए यात्रा में भगवान श्री हनुमान की भव्य झांकी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी पालकी में को बजरंग दल के नौजवान अपने हाथों में लेकर आगे बढ़ रहे थे। घोड़े पर झांकियां यात्रा में सम्मिलित थी। यात्रा में सैकड़ो की संख्या में नौजवान अपने हाथों में ध्वजा लिए मुख्य झांकी के आगे पीछे चल रहे थे यात्रा में माता बहनों की भी अच्छी संख्या में उपस्थित सर्व समाज की सहभागिता दर्शा रही थी।

## महीनों से बंद पड़े हैंडपंप, लोगों को हो रही समस्या



**गैसाबाद।** ग्राम में कागजों पर तो दर्जनों हैंड पंप लगे हुए हैं लेकिन चालू हालत में मुश्किल से दो चार ही होंगे बाकी के हेड पंप लगातार कई महीनो से बंद पड़े हुए हैं जिनका सुधार कार्य पीएचई विभाग द्वारा नहीं किया जाना लोगों की समस्या बन चुका है। इस गर्मी में लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं ग्राम पंचायत की नल जल योजना पहले से ही लगातार कई वर्षों से बंद पड़ी हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम की बड़ी देवी शीतला माता मंदिर के पास कागजी खानापूर्ति करने के लिए तो दो-दो हैंड पंप लगा दिए गए लेकिन चालू हालत में कोई नहीं है। नवरात्रि पर्व पर भी यह हेड पंप बंद रहे जिससे लोगों को माता जी को जल अर्पित करने के लिए पानी की बहुत परेशानी हुई। इसी तरह आदिवासी मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, बाजार मे अग्रवाल मेडिकल के पास वाला हेड पंप कई महीनो से बंद पड़े हुए हैं जिसका सुधार करने की सुध किसी को नहीं है। ग्रामीण जनो ने बंद पड़े हेड पंपों का सुधार कार्य किए जाने की मांग की है।